प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एक हजार 8 सौ 90 करोड़ रूपये की सब्सिडी की वितरित : कहा– प्रदेश के लगभग दो करोड़ लोग इस योजना से हुए हैं लाभान्वित।
2. मुख्यमंत्री आज जौनपुर महोत्सव में हुए शामिल : कहा– हर ज़िले में बनेगा लौह पुरुषसरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर इम्प्लायमेंट ज़ोन।
3. प्रदेश में अब मोटर वाहनों को जारी की जायेगी चिप युक्त स्मार्टकार्ड आरसी : दस्तावेज संभालना होगा आसान।

और

4. ब्रज में रंगोत्सव की धूम, प्रदेश भर में होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : यात्रियों की सुविधा के लिये पूर्वोत्तर रेलवे चला रहा है 53 विशेष रेलगाड़ियां।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आज राज्य के 1 करोड़ 86 लाख परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। लखनऊ के लोकभवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने वर्चुअली हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने

कहा कि देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बाइट.....

*इस अभियान के क्रम में पूरे देश के अंदर 10 करोड़ परिवारों को फ्री में रसोई गैस के कनेक्शन मिले और उत्तर प्रदेश में लगभग दो करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए। हम लोगों ने दो हजार इक्कीस में घोषणा की थी कि दो हजार बाईस में सरकार आते ही हर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी के खाते में दीपावली और होली के अवसर पर फ्री में रसोई गैस के सिलेंडर यह सरकार उपलब्ध कराएगी। होली भी है और रमजान का महीना भी चल रहा है तो दोनों लोग इसका लाभ ले लेंगे।*

उज्जवला योजना के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस सुविधा के लिए आभार जताया। कानपुर की परी गुप्ता ने कहा कि इस योजना से उन्हें बहुत लाभ हुआ है। बाइट.....

*मुझे यह सब्सिडी मिली मोदी जी का मैं बहुत बहुत धन्यवाद करना चाहूँगी। मुझे बहुत अच्छा लगा है। पहले बहुत दिक्कतें होती थी परेशानी होती थी। अब तो तुरंत ही सिलेंडर मिल जाता है कोई परेशानी कोई दिक्कत नहीं होती है। मैं बहुत बहुत धन्यवाद करना चाहती हूँ।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जौनपुर महोत्सव में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित एक हजार एक जोड़ों के विवाह समारोह में शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्प बद्ध है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश भर में लौह पुरुष

सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर इम्प्लाइमेंट जोन बनाए जाएंगे। बाइट.....

*सरकार एक व्यवस्था बनाने जा रही है। एक एम्प्लॉयमेंट जॉब बने हर जनपद में। एम्प्लॉयमेंट जॉब लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर होगा। जहां पर स्किल डेवलपमेंट के लिए उसके रोजगार के लिए उसे सम्मानजनक कार्य मिल सके इसके लिए। निरंतर कार्य होंगे और उस एम्प्लॉयमेंट जॉब के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए सौ एकड़ का एक क्षेत्र बन होगा। जिसमें ट्रेनिंग के साथ–साथ प्लेसमेंट की व्यवस्था, करियर काउंसलिंग की व्यवस्था। यह सभी कार्यक्रम सरकार के एक ओर से प्रारंभ होते हुए दिखाई देंगे।*

इसके बाद मुख्यमंत्री ने वाराणसी पहुंचकर विकास कार्यों औऱ कानून व्यवस्था की समीक्षा की औऱ परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मॉरिशस दौरे पर राष्ट्रपति धरमवीर गोखूल को पीतल और तांबे के बर्तन में महाकुंभ से संगम का पवित्र जल और उनकी पत्नी को सादेली शिल्पकला से बनी बनारसी साड़ी समेत अन्य उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

————————

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को संभल स्थित जामा मस्जिद में केवल बाहरी दीवारों पर सफेदी कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि इमारत को बिना कोई क्षति पहुंचाए समुचित लाइटिंग की व्यवस्था

भी की जाए। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने आज मामले की सुनवाई करते हुए एक हफ्ते के भीतर पुताई का काम पूरा कराने का आदेश दिया है। मामले में अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी।

—————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज मिर्ज़ापुर के मवई कला गांव में आंगनबाड़ी किट, पोषण पोटली, आयुष्मान कार्ड एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा मुद्रा योजना के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित किया। कार्यक्रम में मिर्जापुर की सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहीं।

—————————

प्रदेश में अब मोटर वाहनों को रजिस्ट्रेशन बुक की जगह चिप युक्त स्मार्टकार्ड आरसी जारी की जाएगी। इस फैसले से वाहन स्वामियों को अपने दस्तावेज संभालने में सहूलियत होगी और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आएगी। इस कार्ड में लगे चिप की मदद से डुप्लीकेसी रोकी जा सकेगी। साथ ही पुलिस और परिवहन की जांच प्रक्रिया को डिजिटल रूप से मजबूत किया जा सकेगा।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

ब्रज क्षेत्र में रंगोत्सव का सिलसिला जारी है। मथुरा में आज द्वारकाधीश मंदिर में होली मनाई जा रही है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*आज सुबह सबसे पहले भगवान को अबीर गुलाल अर्पित किया गया और फिर भक्तों ने मंदिर परिसर में होली खेली। होली के अनोखे उत्सव को देखने के लिए मथुरा, वृंदावन, और बरसाना में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। 13 मार्च को होलिका दहन होगा। 15 से 21 मार्च तक बलदेव के दाऊजी मंदिर और अन्य स्थानों पर हुरंगा उत्सव मनाया जाएगा। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार।*

होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जा रहे हैं। प्रदेश भर में स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी। शोभायात्रा और होलिका दहन के साथ ही घनी आबादी वाले इलाकों की निगरानी के लिए ड्रोन लगाए जाएंगे। होली पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने खास इंतज़ाम किये ह। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि होली स्पेशल के रूप में 53 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गई हैं। बाइट.....

*पूर्वोत्तर रेलवे ने फिफ्टी थ्री जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन डिफरेंट डायरेक्शंस के लिए ओरिजिनेटिंग यहाँ से चला रखी है। तो फिफ्टी थ्री अप ट्रेन, फिफ्टी थ्री डाउन ट्रेन, इसके अलावा वनथर्टीनाइन बाईपासिंग ट्रेनें भी आ रही है। हर तरीके के कोच इसमें शामिल होंगे। हर तरह के पैसेंजर को ध्यान में रखते हुए, हर एक डायरेक्शन को ध्यान में रखते हुए यह ट्रेने करीब दस बारह दिन के लिए चलेंगी।*

होली पर बेसिक शिक्षा परिषद के सभी स्कूलों में 13 से 15 मार्च तक अवकाश घोषित किया गया है। होली के दिन लखनऊ मेट्रो का संचालन दोपहर ढाई बजे से रात साढ़े दस तक ही किया जाएगा।

प्रदेश भर में बाज़ारों में रंग, पिचकारी और खाने पीने के सामान की दुकानों पर भीड़ दिख रही है। संतकबीरनगर में स्वयं सहायता समूह कि महिलाएं प्राकृतिक चीजों से रंग और गुलाल तैयार कर घरों और बाजारों तक पहुंचा रही हैं। रंग तैयार कर रही शांति देवी ने बताया कि हर्बल रंग बना कर वे न सिर्फ होली के पर्व को सुरक्षित बना रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। बाइट.....

*जैसे बाहर के गुलाल लेते है तो उसमे केमिकल होता है। चेहरे के लिए नुकसान होता है। सबकी स्किन पर दाने वगैरह सब निकाल जाते है और यह हमारे गुलाब में न कोई केमिकल है न कुछ है। इसमें इत्र डाला गया है। गुलाब का फूल है गेंदे के फूल से, पालक से, चुकंदर से हम लोग तैयार किया है। हमारे सभी दीदीयों ने समूह की।*

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने लोगों से अपील की है कि वे बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और लाइनों के नीचे या आसपास होलिका दहन न करें।

———————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज लखनऊ में महाकुम्भ और फागोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में उन्होंने महाकुम्भ में सराहनीय कार्य करने के लिए संस्कृति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान कई कीर्तिमान स्थापित किये गये।

———————

प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल ने आजमगढ़ मंडल को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के समन्वय से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 18 टीमों ने हिस्सा लिया।

———————

मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में राज्य के पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं पूर्वी इलाकों में मौसम शुष्क रहने औऱ तेज़ सतही हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

(समाप्त)